1	2	3	4
106.	रोहिणी सेक्टर–16 में सी० एस० सी० नं० 7	45	3–2–94
107.	जहांगीर पुरी 656 एल० आई० जी० मकानों में सी० एस० सी०	32	11–1–94
108.	शास्त्री पार्क में सी० एस० सी०	26	25–2–94
109.	कोण्डली घरौली सेक्टर–बी० में सी० एस० सी० नं० 4	20	25–2–94
110.	बिन्दापुर पाकेट–4 में सी० एस० सी०	20	19–1–94
111.	हस्तसाल पाकेट– बी में सी० एस० सी०	21	17–1–94
112.	नरेला सेक्टर– ए–9 में सी० एस० सी०	29	23–2–94
113.	शालीमार बाग ब्लाक – बी आर में सी० एस० सी०	10	23–2–94
114.	पश्चिमपुरी ए–6 में एल० एस० सी०	65	29–12–93
115.	पश्चिमपुरी बी जी 3, 5 में सी० एस० सी०	25	31–3–94
116.	राजौरी गार्डन जी–8 ब्लाक जे क्षेत्र में प्लाट नं 8, 9, 10 में दुकानें	140	24–1–94
117.	राजेन्द्र नगर में प्लाट नं 9, 13, 14, 15 में शापिंग सेन्टर	53	–वही–
118.	जनकपुरी में प्लाट नं० 32 से 57 में दुकानें/कार्यालय	112	–वही–
119.	पश्चिमपुरी हिन्दुस्तान में सी० एस० सी०	40	25–3–94
120.	रोहिणी सेक्टर –16 में सी० एस० सी० नं० 13	41	19–1–94
	योग :	2661	

इण्डिया गेट पर महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना

5179. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री शंकर दयाल सिंह :

क्या **शहरी विकास** मंत्री 27 अगस्त, 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 4593 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि इण्डिया गेट या इसके निकट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना के संबंध में अद्यतन स्थिति क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन) : इण्डिया गेट और नेशनल स्टेडियम के बीच अगस्त क्रान्ति उद्यान के रूप में विकसित किए जा रहे क्षेत्र में स्थापित करने हेतु तैयार की गई महात्मा गांधी की प्रतिमा को संसद भवन परिसर में लगा दिया गया है ।

सरकार ने इण्डिया गेट के निकट केनोपी और नेशनल स्टेडियम के बीच के स्थान पर समिति ने प्रतिमा का लघु रूप तैयार करने प्रतिमा बनवाने का निर्णय लिया है । प्रतिमा की अभिकल्पना बनाने के लिए एक अभिकल्प समिति गठित की गई है । समिति ने प्रतिमा को लघु रूप तैयार करने हेतु 10 विख्यात वास्तुकारों का चयन किया है तथा कुछ लघु रूप प्राप्त हो गए हैं जिन्हें रूपरेखा समिति को उनके विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा ।